# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**राजभवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या– 111/2024*

### राज्यपाल ने 'आमोत्सव–2024' का पोस्टर एवं प्रतीक चिन्ह लॉन्च किया

**पटना, 05 जून, 2024 :–** माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन, पटना में 15–16 जून, 2024 को आयोजित होनेवाले 'आमोत्सव–2024' का पोस्टर एवं प्रतीक चिन्ह (Logo) लॉन्च किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार विश्वविद्यालय सबौर के कुलपति डॉ० डी० आर० सिंह एवं उद्यान निदेशक श्री अभिषेक कुमार भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राजभवन परिसर में आयोजित होने वाले इस आमोत्सव में विभिन्न किस्मों के आम की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इस अवसर पर किसान–क्रेता–प्रसंस्करणकर्ता एवं निर्यातक सम्मेलन, वैज्ञानिक वार्ता आदि भी आयोजित होंगे। प्रदर्शनी निर्धारित समयावधि में सर्वसाधारण के लिए भी खुली रहेगी।

.........................................................